सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
भाद्र 28, सोमवार, शाके 1944-सितम्बर 19, 2022 *Bhadra 28, Monday , Saka 1944- September 19, 2022*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

कृषि (ग्रुप-2) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 23, 2022

संख्या प.4(21)कृषि/ग्रुप-2/2020 :-जैसा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 की धारा 3 के तहत समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 30.06.2020 द्वारा कृषि उपज मंडी समिति, खैरथल के क्षेत्र में से पंचायत समिति बानसूर की समस्त ग्राम पंचायत (आलमपुर, बबेडी, बासदयाल, बामनवास, बबेरा, बिलाली, बहराम का बास, बूटेरी, बाबरीया, बालावास, बानसूर, भूपसेडा, भग्गू का बास, कराणा, खेडा, खोहरी, गूंता, गिरूडी, ज्ञानपुरा, चतरपुरा, चूला, छीण्ड, देवसन, नीमूचाना, नयाबास, नांगल-लाखा, मोठूका, महनपुर, माजरा अहीर, रामपुर, रसलाली, लोयती, लेकडी, श्यामपुरा, शाहपुर, सबलपुरा, हरसौरा, हमीरपुर, होलावास, हाजीपुर माची, बुर्जा, इन्द्राडा, तुराणा, किशोरपुरा, कल्याणपुरा) के समस्त क्षेत्र को पृथक कर एक नवीन कृषि उपज मंडी समिति बानसूर की स्थापना के आशय की घोषणा करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 4, 6 तथा 8 के तहत समंसख्यक अधिसूचना दिनांक 23.05.2022 के द्वारा स्वतंत्र कृषि उपज मण्डी समिति बानसूर (‘द श्रेणी) की घोषणा की गई थी।

अब राज्य सरकार उपरोक्त अधिनियम की धारा 7(1) (ख) के अन्तर्गत पृथक मंडी समिति का गठन करती है और धारा 7 की उपधारा (1) (ख) एवं धारा 7(2)(ब) के अन्तर्गत उक्त मंडी समिति में निम्नांकित सदस्यों का मनोनयन करती हैः-

<u>कृषक वर्गः-</u>

1. श्री माडाराम पुत्र श्री रामनाथ गुर्जर, देवसन बानसूर, अलवर मो0 8094942796
2. श्रीमती गुलाब देवी पत्नी श्री ताराचन्द रायली बानसूर अलवर मो0 9829663485
3. श्री राम पुत्र श्री नारायण, फतेहपुर, बानसूर, अलवर मो0 9414751536
4. श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री पप्पू राम जाट, बूँरा की ढाणी, साथलपुर, बानसूर मो09983089009
5. श्री राजेन्द्र पुत्र श्री बहादुर, काकरिया, बानसूर, अलवर मो0 9983702725
6. श्री सतीश यादव पुत्र श्री जयपाल सिंह यादव, बानसूर, अलवर मो0 9413687611

<u>व्यापारी वर्गः-</u>

1. श्री वेदप्रकाश ऐरन पुत्र श्री प्रहलाद स्वरूप ऐरन, बानूसर अलवर मो0 9414231666

<u>ग्राम सहकारी समिति सदस्यः-</u>

1. श्री ताराचन्द पुत्र श्री रामजीलाल, हमीरपुर, बानसूर, अलवर मो0 9829624403

<u>स्थानीय निकाय</u>

1. श्रीमती कमलेश पंसारी पत्नी श्री राजेश्वर प्रसाद, बानसूर, अलवर मो0 9782119655

<u>विधानसभा का सदस्यः-</u>

1. श्रीमती शकुंतला रावत, पत्नी श्री विश्वकुमार रावत, स्थानीय विधायक, बानसूर, अलवर मो0 9414367242

राज्य सरकार द्वारा नामितः-

1. श्री भोमाराम पुत्र श्री बंशीलाल नांगल लाखा, बानसूर, अलवर मो0 8619919875

उपरोक्त अधिनियम के अभिप्राय के लिए अधिनियम की धारा 9 के अन्तर्गत उपरोक्त मंडी क्षेत्र के लिए एक मंडी स्थापित करने की वांछना कृषि उपज मंडी समिति, बानसूर से की जाती है ।

उपरोक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (2) उस तारीख से प्रभावी होगी जिससे कि उपरोक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (2) के अन्तर्गत मंडी यार्ड की घोषणा की जायेगी।

राज्यपाल की आज्ञा से,

नसीम खान,
शासन उप सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।